पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

युवाओं की प्रतिभा को अवसर देना और उनके सपनों को साकार करना डबल इंजन सरकार का संकल्प : श्री केशव प्रसाद मौर्य

डिजिटल उत्तर प्रदेश के निर्माण में युवा बनें सहभागी, विकसित भारत–2047 की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर

लखनऊ : 15 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण कार्यक्रम को मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा को अवसर देना, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उनके सपनों को साकार करना डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने के लिए संसाधनों की कमी का सामना न करना पड़े। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार का खजाना खुला हुआ है और टैबलेट वितरण अभियान इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के पावन अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरित इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। आज विद्यार्थियों के हाथों में स्मार्टफोन के साथ टैबलेट और लैपटॉप भी हैं। ये केवल तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, नवाचार और असीमित संभावनाओं तक पहुंचने के माध्यम हैं। आज के युवा ही उत्तर प्रदेश और देश का भविष्य हैं। विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है।

श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ जाति, धर्म और मजहब के आधार पर नहीं, बल्कि पात्रता के आधार पर सभी को मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य हर विद्यार्थी को समान अवसर उपलब्ध कराकर उसे आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि अनेक विद्यार्थियों के परिवारों के लिए स्वयं टैबलेट या लैपटॉप खरीदना संभव नहीं होता। ऐसे परिवारों के बच्चों को भी आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को बेहतर बनाने का काम सरकार कर रही है।

श्री मौर्य ने युवाओं से आह्वान किया कि वे टैबलेट और लैपटॉप का उपयोग केवल मनोरंजन तक सीमित न रखें, बल्कि ज्ञान अर्जित करने, नई तकनीक सीखने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, नवाचार और रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने में करें। उन्होंने कहा कि तकनीक का सही उपयोग युवाओं की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान बदल रही है। उत्तर प्रदेश स्मार्टफोन और टैबलेट निर्माण के क्षेत्र में देश और दुनिया में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में स्थापित बेहतर कानून–व्यवस्था, निवेश एवं औद्योगिक विकास के वातावरण का परिणाम है।

उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवा अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि एक महीने तक ऑनलाइन माध्यम से मतदाता बनने की प्रक्रिया संचालित होगी। सभी पात्र युवा स्वयं मतदाता बनें और अपने अन्य पात्र साथियों को भी मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार महत्वपूर्ण है और मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर ही नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब देश और प्रदेश के विकास की बागडोर आज के युवाओं के हाथों में होगी। आज से 20 वर्ष बाद भारत कैसा होगा, उत्तर प्रदेश किस ऊंचाई पर होगा, यह आज के युवाओं की मेहनत, संकल्प, प्रतिभा और योगदान पर निर्भर करेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। युवाओं को इन प्रयासों में सहभागी बनकर अपने योगदान से इस संकल्प को साकार करना चाहिए।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक संदेश 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। भारत आज सामरिक शक्ति, आर्थिक शक्ति, कृषि शक्ति और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इन उपलब्धियों के पीछे देश के युवाओं की प्रतिभा और परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के साथ खड़ी है। वे अपनी प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प के बल पर आगे बढ़ें तथा विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव

राम यतन/05:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in